# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**दिनांक 18.02.2026**

***मिशन शक्ति 5.0 : महिला थाना द्वितीय का अभियान: महिलाओं को अधिकारों और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक।***

**महिला थाना द्वितीय लखनऊ द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत थाना क्षेत्र बीकेटी में भ्रमणशील रहकर मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं महिलाओं को किया गया जागरुक। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।**

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ: उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही बहुप्रशंसित योजना **"मिशन शक्ति 5.0"** के तहत आज दिनांक **12 अक्टूबर 2025** को लखनऊ कमिश्नरेट के थाना **हजरतगंज** क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

यह जागरूकता कार्यक्रम **थाना क्षेत्र बीकेटी में भ्रमणशील रहकर मिशन शक्ति टीम द्वारा** चलाया गया, जिसमें महिला, छात्राओं और बच्चों को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को **सुरक्षा, अधिकारों एवं सरकारी सहायता, सेवाओं** के प्रति जागरूक करना था।

मिशन शक्ति, उत्तर प्रदेश पुलिस की एक प्रमुख पहल, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसकी नवीनतम कड़ी, मिशन शक्ति 5.0, के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### आयोजक टीम -

- **महिला उप निरीक्षक नेहा यादव**, **महिला थाना द्वितीय** लखनऊ कमिश्नरेट।
- **महिला कांस्टेबल सरिता पटेल**, **महिला थाना द्वितीय** लखनऊ कमिश्नरेट।
- **महिला कांस्टेबल पिंकी राजपूत**, **महिला थाना द्वितीय** लखनऊ कमिश्नरेट।

### आयोजन का विवरण-

आज दिनांक 18-02-2026 को महिला थाना द्वितीय टीम द्वारा आयोजित इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम में थाना **थाना क्षेत्र बीकेटी में** भ्रमणशील रहकर महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया गया।

### प्रतिभागी: -

**थाना क्षेत्र बीकेटी में भ्रमणशील रहकर मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को अधिकारों और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक।**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं.279**
**दिनांक- 18.02.2026**

**जोन- उत्तरी/ थाना-इटौंजा**

- **थाना इटौंजा पुलिस टीम द्वारा खोयी हुयी 02 नाबालिग बच्चियों को सूचना प्राप्त होने के 01 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया गया।**

**01-सक्षिप्त विवरण:-**

थाना स्थानीय पर 112 कंट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि 02 बच्चियां जिनकी उम्र करीब 10 वर्ष व 06 वर्ष है जो सगी बहने है डीपीएस एकेडमी स्कूल पुरानी बाजार इटौंजा से घर नही पहुंची है।

इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक इंटौजा के निर्देशन में थाना स्थानीय की **मिशन शक्ति टीम व एंटीरोमियो प्रभारी** मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा आसपास के कैमरे चेक किये गये व आसपास के लोगो से जानकारी की गयी।

पुलिस बल द्वारा अथक प्रयास के उपरान्त ज्ञात हुआ कि खोयी हुयी दोनो बच्चियां अपनी दोस्त के यहां कॉपी लेने गयी थीं। दोनो बच्चियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजन को सुपुर्द किया गया। परिजनो द्वारा अपनी बच्चियों सकुशल पाकर थाना इटौंजा व लखनऊ पुलिस भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

**02- पुलिस टीम थाना इटौंजा-**

1. अति0 निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव थाना इटौंजा लखनऊ
2. म0उ0नि0 सुश्री सुमन सैनी थाना इटौंजा लखनऊ
3. उ0नि0 सुमित कुमार थाना इटौंजा लखनऊ
4. उ0नि0 श्री सैय्यद मोहम्मद रईश थाना इटौंजा लखनऊ
5. का0 फय्यूम अहमद थाना इटौंजा लखनऊ
6. का0 रवि कुमार थाना इटौंजा लखनऊ
7. का0 रजत सिंह  थाना इटौंजा लखनऊ थाना इटौंजा लखनऊ
8. का0 मो0 सलमान अहमद (112)
9. एचजी श्रवण सिंह (112)

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-280**
**दिनांक-18-02-2026**

### जोन पूर्वी/ थाना चिनहट
### महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

- **थाना चिनहट पुलिस द्वारा दुष्कर्म के नामजद अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी**
- **विवाहित महिला से जबरन शारीरिक संबंध एवं धमकी देने का मामला**
- **मु0अ0सं0-091/26 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत**
- **मुखबिर सूचना पर कठौता झील के पास से अभियुक्त गिरफ्तार**
- **महिला सुरक्षा के प्रति लखनऊ पुलिस की सख्त एवं तत्पर कार्यवाही ।**

**01-प्रकरण का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 17.02.2026 को थाना चिनहट पर वादिनी द्वारा लिखित तहरीर दी गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि विपक्षी अनुज यादव द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चिनहट पर मु0अ0सं0- 091/26 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस बनाम अनुज यादव पंजीकृत किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की गई तथा विवेचना निरीक्षक श्री अमित कुमार सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

**02- कार्यवाही एवं गिरफ्तारी का विवरण-**

अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निरीक्षक अपराध श्री अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सुरागरसी, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन एवं संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई।

इसी क्रम में दिनांक 18.02.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त अनुज यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी गोविन्द नगर थाना सम्पूर्णा नगर जनपद लखीमपुर खीरी, उम्र लगभग 21 वर्ष (हाल पता – ग्राम मटियारी थाना चिनहट लखनऊ) को निकट फल मंडी, कठौता झील के पास समय करीब 12:02 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त को विधिक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**03- पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0-091/26 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस थाना चिनहट जनपद लखनऊ

**04- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**1.अनुज यादव** पुत्र बाबूराम यादव **निवासी** – गोविन्द नगर थाना सम्पूर्णा नगर जनपद लखीमपुर खीरी **हाल पता** – ग्राम मटियारी थाना चिनहट जनपद लखनऊ **उम्र** – लगभग 21 वर्ष

**05- गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. नि0 अपराध श्री अमित कुमार सिंह, थाना चिनहट, जनपद लखनऊ
2. का0 सूरज कुमार, थाना चिनहट, जनपद लखनऊ